२. मीरा के पद

I. प्रश्न उत्तर

प्र.१. मीरा कृष्ण से क्या विनती करती हैं ?

उ. मीरा कृष्ण से इस प्रकार विनती करती है कि 'हे कृष्ण!' जरा मेरी ओर देखो । मैं देखती हूँ तुम नहीं देखते । तुम हृदय के बडे कठोर हो । मेरी आशा और दृष्टि तुम पर हैं । किसी दूसरे स्थान पर नहीं । तुम हमसे कब मिलोगे । हमारे जैसे लाखों करोंड़ो हैं । आशा में खड़ी - खड़ी मैं प्रार्थना करती हूँ । प्रार्थना करते - करते सवेरा हो गया । मेरे प्रभु अविनाशी हैं । मैं उन पर अपने प्राण न्योछावर करती हूँ ।

प्र.२. 'मीरा के पद' नामक कविता में मीरा ने क्या - क्या विषय व्यक्त किए हैं ?'

(या)

'मीरा के पद' नामक कविता का सारांश लिखिए ।

(या)

मीरा कृष्ण से क्या विनती करती हैं ?

उ. भक्तिकाल के कृष्ण भक्ति शाखा के कवियों में मीराबाई का महत्वपूर्ण स्थान है । मीरा श्री कृष्ण की उपासिका थीं । बाल्यकाल से ही उनके हृदय में कृष्ण के प्रति प्रेम का भाव अंकुरित हुआ । कृष्ण के प्रति उनको भक्ति माधुर्य भाव की थी ।

मीरा अपने पैरों में घुँघरु बाँध कर भक्ति में मस्त होकर नाचती हुई गा रही हैं वह कहती हैं कि "वह अपने श्री कृष्ण की स्वयं ही दासी ब्न गयी । लोग उसे पगली कहते हैं । सास उसे कुलनाशी कहती है । राणा जी ने उसे मारने के लिए विष का प्याला भेजा लेकिन (मीरा) उसे हँसकर पी गयी । (मीरा के) प्रभु गिरिधर हैं जो अविनाशी हैं । वें उसे सहज ही प्राप्त हो गये ।"मीराबई श्री कृष्ण की भक्ति में मस्त होकर इस प्रकार विनती करती हैं कि - " हे कृष्ण ! जरा उसकी ओर देखो । वह देखती है तुम नहीं देखते । तुम हृदय के ब्ड़े कठोर हो । उसकी आशा और दृष्टि कृष्ण पर हैं किसी दूसरे स्थान पर नहीं । तुम हमसे कब मिलोगे ।हमारे जैसे लाखों करोंड़ो हैं । आशा में खड़ी - खड़ी वह प्रार्थना करती है । प्रार्थना करते - करते सवेरा हो गया । मीरा के प्रभु अविनाशी हैं । वह उन पर अपने प्राण न्योछावर करती है ।"

I. पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

१. दासी - नौकरानी, सेविका

२. विष - जहर, हलाहल

३. प्रभु - भगवान, ईश्वर

४. गिरिधर - हरि, कृष्ण, कान्हा

५. प्रेम - प्यार, स्नेह

II. विलोम शब्द लिखिए ।

१.	भोर	X	शाम	३.	आशा	X	निराशा
२.	दासी	X	मालकिन	४.	जीवन	X	मृत्यु

III. निर्देश के अनुसार काल बदलिए ।

१. मीरा बाई श्री कृष्ण की भक्त है । **(भूतकाल में बदलिए ।)**

उ. मीरा बाई श्री कृष्ण की भक्त थी ।

२. लोग मीरा को पागल कहते थे । **(वर्तमान काल में बदलिए ।)**

उ. लोग मीरा को पागल कहते है ।

३. कृष्ण के प्रति उनकी भक्ति माधुर्य भाव की थी । **(वर्तमान काल में बदलिए ।)**

उ. कृष्ण के प्रति उनकी भक्ति माधुर्य भाव की है ।

IV. तत्सम् और तद्भव शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

१. मीरा को उसकी सास **कुलनाथी** कहती थी ।

२. मीरा के **प्रभु** अविनाशी है ।

३. राणा ने **विष** का प्याला भेजा ।

V. वस्तुनिष्ठ प्रश्न

१. मीरा किसकी उपासना करती थी ?

उ. कृष्ण

२. मीरा का जन्म कब हुआ ?

उ. १४९८ में ।

३. मीरा की भाषा क्या थी ?

उ. ब्रजभाषा

४. मीरा का विवाह किसके साथ हुआ था ?
उ. मेवाड़ के राणा भोजराज के साथ ।

५. मीरा की भक्ति किस भाव की थी ?
उ. माधुर्य भाव की ।

६. मीरा के पद किस ग्रंथ में संग्रहित है ?
उ. मीराबाई पदावली ।

७. मीराबाई पहले पैर में क्या बाँधकर नाचती है ?
उ. घुँघरूँ

८. मीरा किसकी दासी बन गयी ?
उ. नारायण की ।

९. मीरा को लोग क्या कहते थे ?
उ. पागल

१०. मीरा को सास क्या कहती थी ?
उ. कुलनाशी

११. विष का प्याला मीरा के लिए किसने भेजा ?
उ. राणा ने ।

१२. गिरिधर शब्द किसके लिए कहा गया है ?
उ. कृष्ण

१३. मीरा के प्रभु कैसे है ?
उ. अविनाशी

१४. " चिताओ" शब्द का अर्थ क्या है ।
उ. देखो ।

१५. मीरा के अनुसार कृष्ण का हृदय कैसा है ?
उ. कठोर

१६. मीरा श्री कृष्ण को क्या अर्पित करना चाहती है ?

उ. प्राण

१७. मीरा की आशा किस पर है ?

उ. कृष्ण

१८. मीरा किस काल की कवयित्री है ?

उ. भक्तिकाल की ।

***